# नौएडा एस०ई० जेड० के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 30.03.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त |

विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 30.03.2022 को आयोजित की गई | बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम संलग्नक में इंगित है |

2. सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समिति को पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही से अवगत कराया गया | समिति को बताया गया कि पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय ने एसईजेड और सम्पदा अनुभाग में नोटिंग और पत्राचार में हिंदी प्रयोग करने का आदेश दिया था | इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मदद ली जाए एवं द्विभाषी कार्यों को पूर्ण रूप से शत प्रतिशत हिंदी में करने का प्रयास किया जाए |

3.अध्यक्ष महोदय ने कार्यालय में जुलाई से सितम्बर एवं अक्टूबर से दिसंबर, 2021 तिमाही के दौरान हिंदी में कामकाज की समीक्षा करते हुए आदेश दिया है की सभी अनुभागों में हिंदी के प्रयोग को बढाने का प्रयास किया जाए और भेजे जाने वाले पत्राचारों को पूर्ण रूप से हिंदी में किया जाए जिससे की हमारे कार्यालय का वार्षिक लक्ष्य वर्ष 2021-2022 को पूर्ण किया जा सके | हमारे कार्यालय में पिछली तिमाही के अनुरूप हिंदी कार्य का प्रतिशत कम हो रहा है तथा इसको पूर्ण रूप से बढाने का अत्यधिक प्रयास किया जाए | साथ ही, कार्यालय के अधिकारियों/ कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाये |

4. बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के पश्चात संपन्न हुई |

***********

# दिनांक 30.03.2022 में हुई बैठक में उपस्थित होने वाले अधिकारियों की सूची

1. श्री अ. बिपिन मेनन, विकास आयुक्त।
2. श्री अमित गुप्ता, (सीमाशुल्क उपायुक्त)।
3. श्री नितिन गुप्ता, उप विकास आयुक्त।
4. श्री राजेश कुमार, उप विकास आयुक्त।
5. श्री किरण मोहन मोहाडिकर, उप विकास आयुक्त।
6. श्री अजय कुमार मिश्रा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी।
7. श्री आर. के. शर्मा, सहायक विकास आयुक्त।
8. श्री प्रमोद कुमार राठी, सहायक विकास आयुक्त।
9. श्री प्रकाश चन्द उपाध्याय, (सहायक विकास आयुक्त/सुरक्षा अधिकारी)